संख्या–cm-231
01/04/2023

# मुख्यमंत्री सह कुलाधिपति बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के सामान्य परिषद् की हुयी प्रथम बैठक

- नामांकन में कम से कम एक तिहाई सीट महिलाओं के लिये आरक्षित की गयी है। हम चाहते हैं कि लड़कों के साथ–साथ लड़कियॉ भी उच्च्च शिक्षा प्राप्त करें। पढ़ेंगे तो वे आगे बढ़ेंगे और समाज भी आगे बढ़ेगा।

- इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई ठीक ढ़ंग से हो और परीक्षायें निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हों।

- बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू करायें।

- बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय से जुड़े अधिकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों का निरीक्षण करें और जहॉ कोई समस्या दिखे या कुछ सुझाव हो तो विभाग को तुरंत जानकारी दें ताकि उस पर त्वरित कार्रवाई हो सके।

- मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट **www.beu-bih.ac.in** का किया लोकार्पण।

पटना, 01 अप्रैल 2023 :– मुख्यमंत्री सह कुलाधिपति बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के सामान्य परिषद् की प्रथम बैठक हुयी।

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के प्रस्तावित प्रथम परिनियम के मुख्य बिन्दु की जानकारी दी। उन्होंने अध्ययन बोर्ड, वित्त समिति, नियुक्ति प्रावधान, संबद्धता देने के संबंध में शर्तों एवं प्रक्रियाओं आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने मेडिकल और इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय की स्थापना की है, आप लोगों की जिम्मेवारी और बढ़ गयी है। हर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज खोले गये हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज में नामांकन में कम से कम एक तिहाई सीट महिलाओं के लिये आरक्षित की गयी है। हमलोग चाहते हैं कि लड़कों के साथ–साथ लड़कियॉ भी उच्च शिक्षा प्राप्त करे। छात्र–छात्रायें जितने अधिक शिक्षित होंगे उससे समाज और आगे बढ़ेगा। इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई ठीक ढ़ंग से हो और परीक्षायें निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हों। इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों का बैकग्राउंड काफी अच्छा होता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद वे तकनीकी क्षेत्रों के अलावा प्रशासनिक क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी की सरकार में जब हम केन्द्र में मंत्री थे तो रेल मंत्रालय में कई तकनीकी कार्य भी किये गये थे। बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के हम छात्र थे, उस संस्थान को हमने एन0आई0टी0 बनवाया। बिहार में आई0आई0टी0 संस्थान शुरू कराने के लिये राज्य सरकार ने जमीन के साथ–साथ अन्य सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों की पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद एवं मनोरंजन की भी व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू करायें। उन्होंने कहा कि बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय में अगर पद सृजन की और आवश्यकता हो तो उसकी व्यवस्था करें। शिक्षकों एवं स्टाफ की कमी नहीं होनी चाहिये। बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय से जुड़े अधिकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों का निरीक्षण करें और जहॉ कोई समस्या दिखे या कुछ सुझाव हो तो विभाग को तुरंत जानकारी दें ताकि उस पर त्वरित कार्रवाई हो सके। छात्रों को इंजीनियरिंग की शिक्षा देने के साथ–साथ नैतिक शिक्षा भी दें ताकि जब वे अपने कार्य क्षेत्र में जायें तो ईमानदारी एवं पूरी मेहनत के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट **www.beu-bih.ac.in** का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री चन्द्रशेखर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदय कांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 सुरेश कांत वर्मा, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली के सदस्य–सचिव प्रो0 राजीव कुमार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के निदेशक प्रो0 टी0एन0 सिंह, राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान, पटना के निदेशक प्रो0 पी0के0 जैन, चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना के निदेशक प्रो0 राणा सिंह, विकास प्रबंधन संस्थान, पटना के निदेशक प्रो0 डी0पी0 मिश्रा, बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय, बख्तियारपुर के

प्राचार्य प्रो0 कुमार सुरेंद्र, दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 संदीप तिवारी, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******